द्वारा हाल में वास्तविक नियंत्रण रेखा का भारत की ओर अतिक्रमण करने का कितने बार प्रयास किया गया है;

(ख) 1990-92 से (वर्ष-वार) जम्मू और कश्मीर सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार करने की कोशिश में पाकिस्तान में प्रशिक्षित ऐसे आतंकवादियों/नागरिकों की संख्या कितनी-कितनी है, जो पकड़े गये हैं, मारे गये हैं या जिन्होंने आत्म समर्पण कर दिया है;

(ग) 1990 से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मारे गये या कैदियों के रूप में पाकिस्तान द्वारा पकड़ लिये गये भारतीय सैनिक कार्मिकों की संख्या कितनी-कितनी है; और

(घ) इन घटनाओं के दौरान भारतीय सेना के कार्मिकों को उनके शौर्य प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित करने के लिये सरकार की क्या-क्या योजनायें हैं?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार): (क) पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा नियंत्रण रेखा को पार कर घुसपैठ करने के प्रयास करने की घटनायें होती रही हैं।

(ख) सन् 1990 से नियंत्रण रेखा पार करने का प्रयास करते समय मारे गये, पकड़े गये और आत्मसमर्पण करने वाले राष्ट्रविरोधी तत्वों की संख्या इस प्रकार है :--

	मारे गये	पकड़े गये	आत्म समर्पण करने वाले
(क) 1990	382	1099	—
(ख) 1991	405	186	—
(ग) 1992 (26 फरवरी, 1992 तक)			

(ग) यद्यपि पाकिस्तान द्वारा हमारी सेना का कोई कार्मिक कैद नहीं किया गया, परन्तु नियंत्रण रेखा पर राष्ट्रविरोधी तत्वों से मुठभेड़ करते समय कुछ कार्मिक मारे गये। इससे अधिक ब्यौरे प्रकट करना वांछनीय नहीं होगा।

(घ) सेना कार्मिकों को उनके शौर्य के लिये पुरस्कृत करने के संबंध में सेना की प्रचलित कार्यविधि के अनुसार विचार किया जाता है। कार्मिकों को उनके पराक्रम के मूल्यांकन के आधार पर शौर्य पुरस्कार और अन्य प्रोत्साहन पुरस्कार दिये जाते हैं।

गणतंत्र दिवस परेड, 1992 में बाबा साहेब अम्बेडकर की झांकी

1242. श्री सत्य प्रकाश मालवीय: क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बाबा साहेब अम्बेडकर को चित्रित करने वाली कोई झांकी गणतंत्र दिवस परेड, 1992 में सम्मिलित की गई थी; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार): (क) जी, हां।

(ख) कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित इस झांकी में भारत का संविधान बनाने में बाबा साहिब डा० बी० आर० अम्बेडकर के विशिष्ट योगदान की एक झांकी प्रस्तुत की गयी है।

Submits under N.CC.

1243. DR. BAPU KALDATE: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state :

(a) What is the existing number of subumts and part thereof functioning under the National cadet Corps: